हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 1 अगस्त 2025
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

05 विद्युत दर न बढ़ाए सरकार, फिक्स चार्ज करे समाप्त...



06 एक बाबू अधिकारियों पर भारी, आरोपों ...




## खबर संक्षेप

### बिना मान्यता के जैविक उत्पाद टीमुलेंट व अन्य उत्पादों की बिक्री प्रतिबंध

**सीहोर।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार किसानों को गुणवत्तापूर्ण आदान सामग्री की उपलब्धता कराने के लिए कृषि उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने जिले में बिना मान्यता के बिक रहें जैविक उत्पाद, बायोइस्टीमुलेंट एवं अन्य उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है, विक्रेताओं एवं निर्माता कंपनियों को आदेश जारी किया है। सभी प्रकार के अकार्बनिक, कार्बनिक, मिश्रित तथा जैव उर्वरकों जैसे – ह्यूमिक तथा फुल्विक एसिड, एमीनो एसिड, एन्टीऑक्सीडेंट तथा विटामिन का मिश्रण, समुद्री शैवाल अर्क, स्पिरूलिना, प्रोटीन हाइड्रोलाइसेस, बैक्टीरियल बायोमास, माइक्रोवियल, सेकरोमाइसिस, वृद्धि उत्प्रेरक एवं समस्त प्रकार के टॉनिक उर्वरक आदेश 1985 के अधीन माने गये है। किसी उर्वरक विक्रेता एवं निर्माता कंपनी द्वारा यदि अपने उत्पादों के विक्रय के लिए जिले के कृषि विभाग के उप संचालक तथा कृषि विकास पदेन अनुज्ञापन अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं की गई है और अनुज्ञप्ति में दर्ज कराये बगेर इनका विक्रय अथवा भण्डारण किया जा रहा है, तो इस प्रकार का समस्त व्यवसाय उर्वरक आदेश एवं कीटनाशी नियम के अनुसार अनाधिकृत माना जाएगा।

### पुरातत्व की ऐतिहासिक धरोहर होने की खासियत के कारण बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा जावर का देवबड़ला

# बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा देवबड़ला धाम 1100 साल पुराने शिवालय को निहारना चाहते हैं पर्यटक

जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है। जावर क्षेत्र के घने जंगल के बीच स्थित प्राचीन देवबड़ला में प्राचीन भगवान भोलेनाथ का मंदिर है, जो हरियाली से घिरा हुआ है। यहां आने वाले पर्यटकों को यह स्थान बार-बार अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। देवबड़ला स्थल को जिला प्रशासन एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। इसे लेकर कलेक्टर बाला गुरू के द्वारा देवबड़ला स्थल के विकास के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनवाई जा रही है।

जिला मुख्यालय से करीब 75 किमी दूर सीहोर जिले की जावर तहसील के बीलपान गांव के निकट देवबड़ला एक पुरातात्विक स्थल है। यह विंध्याचल पर्वत श्रृंखला पर स्थित है और यहाँ नेवज नदी का उद्गम स्थल भी है। देवबड़ला का मालवी में अर्थ है जंगल, अर्थात घने जंगलों में देवों की भूमि। पुरात्व की दृष्टि से यह क्षेत्र अमूल्य धरोहर है। देवबड़ला में कई प्राचीन मंदिरों के अवशेष मिले हैं, जिनमें से कुछ 11वीं और 12वीं शताब्दी के हैं। खुदाई में अब तक 15 मंदिरों के अवशेष पाए गए हैं। खुदाई में शिव मंदिर के साथ ही 20 से अधिक प्रतिमाएं भी मिली हैं। इनमें मूर्तियों में ब्रमदेव, विष्णु, गौरी, भैरव, नरवराह, लक्ष्मी, योगिनी,





जलधारी, नंदी, और नटराज की प्रतिमाएं शामिल हैं। इस अमूल्य धरोहर को सहेजने का कार्य किया जा रहा है।

### दस साल पहले शुरू हुई थी खुदाई

पुरातत्व विभाग द्वारा वर्ष 2015 में यहां खुदाई शुरू की गई। मई 2016 में शिव मंदिर के पुर्ननिर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। यह मंदिर 51 फीट ऊंचा है और इस मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। दूसरे मंदिर का निर्माण अभी चल रहा है। इन मंदिरों को मूल स्वरूप देने के लिए मंदिर के अवशेषों को जोडऩे में चूना, गुड़, गांद, उड़द, मसूर, जैसे प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग किया गया है। यहां के मंदिर आक्रमण अथवा प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट होना बताया गया है। देवबड़ला समिति की माने तो यहां हर साल महाशिरात्रि पर मेला लगता है, जिसमें 50 हजार से अधिक लोग सम्मिलित होते हैं। तेजी से इस स्थान की प्रसिद्धि बढ़ रही है।

### सीहोर जिले की है कीमती धरोहर

इंटरनेट पर सीहोर जिले के देवबड़ला के प्राचीन शिवालय के बारे में काफी लोग सर्च कर रहे हैं। जावर क्षेत्र के घने जंगल के बीच स्थित प्राचीन देवबड़ला सीहोर जिले की एक धरोहर है। देवबड़ला में प्राचीन भगवान भोलेनाथ का मंदिर है, जो हरियाली से घिरा हुआ है। यहीं कारण है कि हर दिन यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पहले यहां आसपास गांव के लोग ही पहुंचने थे, लेकिन जब से पर्यटन विकास निगम ने यहां पर पुरा धरोहर को सहेजने का काम शुरू किया है, पर्यटकों की संख्या भी बढऩे लगी है। अब यहां प्रदेशभर से लोग घूमने आते हैं, यहां के खूबसूरत पलों को मोबाइल में कैद करते हैं।

### विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया था

कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जावर तहसील के ग्राम बीलपान स्थित पुरातात्विक स्थल देवबड़ला का पिछले दिनों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देवबड़ला स्थल पर किए जा रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और उपस्थित जनपद सीईओ, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों को इस स्थल के विकास कार्यों के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। ताकि भविष्य में इस स्थल को एक बड़े पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

# सशिवि मंदिर में डिजीटल क्रिएटिविटी स्किल्स वर्कशॉप हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में इन्नोवेट टू एजुकेट राष्ट्रीय पहल के अंतर्गत एक डिजीटल क्रिएटिविटी स्किल्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम सीबीएसई और एडोबी के सहयोग से चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को 21वीं सदी के डिजिटल क्रिएटिविटी स्किल्स मे सशक्त बनाना है। वर्कशॉप में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं अब इन्फीस्पार्क कंपनी के साथ इस प्रोग्राम से जुड़े अंशुल चव्हाण द्वारा विद्यार्थियों को कई नई तकनीकों के बारे में बताया व सिखाया गया। अंशुल ने इस अवसर पर कहा



कि यह मेरे लिए गौरव का क्षण था कि मैं उस स्थान पर लौटा जहाँ से मेरी शिक्षा की शुरुआत हुई थी और उसी विद्यापीठ को कुछ लौटाने का अवसर मिला जिसने मुझे इस योग्य बनाया। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एडोबी एक्स्प्रेस जैसे एआई और क्लाउड बेस्ड डिज़ाइन टूल का उपयोग करना सीखा। जो कि रचनात्मकता एवं दृश्य अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है। विद्यालय की यह पहल यह दर्शाती है कि वह पारंपरिक मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी शिक्षा को भी समान रूप से महत्व देता है। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर सोलंकी लेखापाल ललित चव्हाण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इस सार्थक पहल के लिए अंशुल चव्हाण का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को नई तकनीकों से जोड़ने हेतु इस प्रयास की सराहना की।

### दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन

# सम्यक दर्शन ज्ञान चारित्र से मोक्ष होता है: गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सम्यक दृष्टि जीव कभी अल्प बुद्धि, विकलांग नहीं होता है। सम्यक दर्शन की महिमा अपरंपार है। रत्नत्रय अपनी आत्मा को जानने का साधन है। सम्यक दर्शन, ज्ञान, चारित्र, की एकता ही मोक्ष है। मनुष्य जीवन प्राप्त हुआ तो सम्यक दृष्टि पूर्वक जीवन जीना चाहिए। दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान प.पू. गणधर मुनि 108 विवर्धन सागर जी ने प्रवचन के दौरान उक्त विचार व्यक्त किये। मुनिश्री ने कहाकि जीवन में सम्यक दर्शन ज्ञान चारित्र से मोक्ष प्राप्त होता है। प्राणी अपने मैत्रों से संसार के जड़ पदार्थों को देखते-देखते अनंत भव निकल गए लेकिन फिर भी विचारों में सम्यकपना नहीं आया है। जिसकी दृष्टि सम्यक नहीं है उसकी सोच उल्टी होती है। उन्होंने कहाकि सम्यक दर्शन की महिमा से एक कुत्ता भी देव बन जाता है। सम्यक दर्शन से चांडाल भी पूजा के योग्य बन जाता है। जिस प्रकार अंगारे कोयला रूप धारण कर लेते हैं। और




उस पर राख जम जाती है। लेकिन राख हटाने पर अंगारा दिखाई देने लग जाता है। अंगारों से रोटी फूलने लग जाती है। जैसे अंगारा राख से अच्छादित है। उसी प्रकार यह जीव भी राग रूपी राख से ढ़का है। जीव सम्यक दर्शन प्राप्त हो जाने पर देवों से पूज्य हो जाता है।

मुनिश्री ने कहा कि जीवन में श्रद्धा आवश्यक है। जीवन तो तियच प्राणी भी जी लेते हैं जीवन प्राप्त हुआ तो सम्यक दृष्टि पूर्वक जीवन जीना चाहिए जिस प्रकार वृक्ष की कल्पना बीज के बिना व्यर्थ है। बिना बीज लगे फसल खड़ी नहीं हो सकती। उसी प्रकार से सम्यक दर्शन न हो तो ज्ञान व चारित्र भी निरर्थक रहता है। उन्होंने कहाकि संसार में जितने प्राणी होते हैं उतने विचार व उतने मिथ्या मत लोग धारण कर लेते हैं। सम्यक के साथ धारण किया हुआ दर्शन से प्राणी उपलब्धियां प्राप्त करता है। सम्यक दृष्टि जीव कभी अल्प बुद्धि विकलांग नहीं होता सम्यक दर्शन की महिमा अपरंपार है। मुनि श्री ने कहा कि कितने ही प्राणी जीव तत्व को जान नहीं पाते हैं यही मिथ्यातत्व का उदय है। इस सत्व को नहीं समझ पाने पर ही मिथ्या दृष्टि कहलाते हैं। आत्मा शरीर में संश्लेष भाव है। शरीर से आत्मा पृथक होने पर शरीर को कष्ट नहीं होता है। शरीर और आत्मा एक साथ होने पर हमें कष्ट होता है। एक स्वभाव परिणति होती है और एक विभाव परिणीति होती है।

### साध्वी मंडल के सान्निध्य में मंदिरों में चढ़ेगा निर्वाण लड्डू

# श्वेतांबर जैन समाज पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाएंगे आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याणक महोत्सव श्वेतांबर जैन समाज द्वारा आज विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर लाभार्थी सकलेचा परिवार मंदिर में परमात्मा के समक्ष निर्वाण लड्डू समर्पित करेंगे। स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में प्रथम बार भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष निर्वाण कल्याणक दिवस प्रवर्तनी महोदया प.पू.विचक्षण ज्योति प्रज्ञाभारती महामांगलिक प्रदात्री श्री चन्द्रप्रभा श्री जी म.सा की सुशिष्याए प.पू. रत्ननिधि श्री जी म.सा.,प.पू. पुण्यनिधि श्री जी म.सा. आदि ठाणा 5 के सानिध्य में आज शुक्रवार को मनाया जाएगा। पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष निर्वाण कल्याणक दिवस पर जिन मंदिरजी मे श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान और दादावाडी में श्री पार्श्वनाथ भगवान को लड्डू चढ़ेगा। और भक्ताम्बर पाठ के साथ परमात्मा का अभिषेक किया जाएगा। जिसका सम्पूर्ण लाभ राजेन्द्र कुमार रवि कुमार सकलेचा परिवार ने लिया है। शुक्रवार प्रातः उपाश्रयजी से लाभार्थी परिवार ढोल ढमाकों के





साथ निर्वाण लड्डू लेकर मंदिरजी पहुंचेंगे जहां पर परमात्मा के समक्ष विधि विधान के साथ साध्वी मंडल के सानिध्य में लड्डू चढाया जावेगा। तत्पश्चात गुदरावन मार्ग स्थित दादावाडी मे प्रातः 8:30 बजे मोक्ष निर्वाण कल्याणक लड्डू चढाया जायेगा।



# नगर में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण का समापन

**कानड़।** नगर के माता जी मार्ग स्थित मांगलिक भवन परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का सातवें दिन गुरूवार को भंडारे की महा प्रसादी के साथ समापन हुआ।कथा का शुभारंभ संगीतमय भजनों के साथ भक्ति भाव पूर्वक वातावरण में कथा प्रवक्ता शिवम महाराज ने सात दिनों तक शिव महापुराण की महिमा का गुणगान करते हुए भक्तो को शिव पुराण के अनेक महत्व बताए।श्रद्धालुओं ने शिव महापुराण का रसपान किया और कथा विराम के बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। कथा समापन पर निकला चल समारोह सात दिवसीय शिव महापुराण के समापन पर नगर में बैंड बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें सर पर श्री शिव महापुराण को सर पर उठाए भक्त चल रहे थे। कथा में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबुलाल बीजापारी, पार्षद ओमप्रकाश पालीवाल, मनीष शर्मा, नारायण बीजापारी,कालुसिंह बीजापारी, रमेश सूर्यवंशी, बाबु सूर्यवंशी, शंकर कुमावत आदि ने कथा वाचक का सम्मान किया। वहीं नगर के ठाकुर केशव सिंह दरबार पुष्पेन्द्र दरबार लखन गौड़ आदि ने भी कथा वाचक का सम्मान किया।

### शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पढ़ाना में किया साइकिल वितरण



**नलखेड़ा।** विकासखंड के ग्राम पढ़ाना में स्थित शासकीय एकीकृत हाईस्कूल में छात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की गई। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल महामंत्री करणसिंह कांवल के आतिथ्य में शासकीय हाईस्कूल में शासन की योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। इस दौरान स्कूल प्राचार्य शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### मंदिर में चढ़ाया निर्वाण लाड़ू, समाजजनों ने किए कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

# भगवान पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याण दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

देवाधिदेव 1008 श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलखेड़ा पर पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस मुकुट सप्तमी बहुत धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर में परमात्मा के समक्ष विधि विधान के साथ लाभार्थी परिवार द्वारा निर्वाण लाड़ू चढ़ाया गया। चौक बाजार स्थित श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज एवं प्रवर्तक मुनि श्री 108 विश्व नायक जी महाराज ससंग के सानिध्य मे पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष





कल्याण दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम प्रातः मुलनायक भगवान का अभिषेक हुआ अभिषेक के पश्चात सोधर्म इंद्र द्वारा श्रीजी को मंदिर से त्यागी भवन लाया गया। त्यागी भवन में अभिषेक हुआ एवं शांति धारा की गई। प्रथम शांति धारा सोधर्म इंद्र बने नवीन पांडिया ने की एवं दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य स्वर्गीय मनोरमा देवी पांडिया की पुण्यतिथि पर प्रेमचंद पांडिया परिवार ने की। शांति धारा के पश्चात कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान हुआ। विधान के लिए चार इंद्र का बोली के माध्यम से चयन किया गया। जिसमें सर्वाधिक बोली लगाकर निलेश पांडिया, जयदीप सोगानी, विकास सोगानी, महावीर छाबड़ा ने इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। विधान पंडित मुकेश जैन सुसनेर द्वारा संपन्न कराया गया। विधान के मध्य में मुनि श्री के प्रवचन हुए एवं 23 किलो निर्वाण लाडू की बोली लगाई गई। सर्वाधिक बोली लगाकर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य रुपेश दक्ष पांडिया काका परिवार ने लिया। विराग विवर्धन चातुर्मास समिति के सदस्यों द्वारा सुंदर एवं आकर्षक सम्मेद शिखरजी की झांकी बनाई गई। पारसनाथ भगवान की टोंक पर पारसनाथ भगवान को विराजमान किया गया व उन्हीं के समक्ष संगीतमय विधान किया गया। समस्त कार्यक्रम का आयोजन विराग विवर्धन चातुर्मास समिति द्वारा कराया गया। चातुर्मास समिति के कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पाटनी ने यहां जानकारी दी।

# जर्जर शासकीय कन्या प्रावि का पुराना भवन डिस्मेंटल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण अवस्था वाले भवनों को चिन्हित कर डिस्मेंटल करवाने के आदेश के चलते नगर के शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय कानड़ के पुराने भवन को डिस्मेंटल किया गया।नगर परिषद कानड़ द्वारा बुधवार को वार्ड क्रमांक-06 शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय वि. के जीर्ण-शीर्ण अवस्था वाले भवनों पुराने भवन को डिस्मेंटल



किया गया। डिस्मेंटल के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिव सिंह चौहान, उपयंत्री अमित पटवार, अंकित शर्मा, तूफानसिंह, समस्त कर्मचारी एवं साथी प्राचार्य शासकीय कन्या प्रा. वि. कानड़ एवं स्कूल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### वीडियो बनाकर ज्यादती करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**देवास।** पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास के थाना अंतर्गत आरोपी रोहित मालवीय द्वारा उसके कमरे के पास निवास करने वाली महिला का नहाते हुए रोशनदान से वीडियो फोटो बनाएं। वह उन फोटो वीडियो को दिखाकर महिला के साथ चार बार 11 नवंबर 22 से दिनांक 26 नवंबर 2022 तक उसकी सहमति के बिना बलात्कार किया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना औद्योगिक क्षेत्र में अपराध पंजीकृत कर चालान आरोपी की विरुद्ध प्रस्तुत किया। तृतीय सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार के न्यायालय के समक्ष अभियोजन ने कुल 8 गवाह को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। अभियान के समर्थन में कुल 18 दस्तावेजों को प्रदेश किया गया। प्रकरण में मुख्य साक्षी अभियोत्री जो अपने निवास से कहीं और रहने के कारण उसकी उपस्थिति न्यायालय में नहीं हो पा रही थी। इस संबंध में शासकीय अभिभाषक मनोज श्रीवास द्वारा पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत से सम्पर्क कर साक्षी की उपस्थिति नहीं हो पाने की स्थिति बताई गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी शशीकांत चौरसिया को विशेष टीम बनाकर साक्षी का नवीन पता तलाश कर उसे न्यायालय के समक्ष साक्ष्य देने हेतु उपस्थित किये जाने के निर्देश जारी किये गये। जिस पर टीम द्वारा अभियोत्री को तलाश कर उसे साक्ष्य देने हेतु न्यायालय में उपस्थिति की सूचना दी गई व उसके महत्वपूर्ण साक्ष्य न्यायालय उस की उपस्थिति पर दर्ज किये गये। न्यायालय द्वारा संपूर्ण प्रकरण में सुक्ष्मता व न्यायालय मे प्रस्तुत साक्ष्य व दस्तावेज के आधार पर आरोपी को दोष सिद्ध पाते हुऐ आरोपी रोहीत मालवीय को 10 वर्ष का कारावास व9000 का जुर्माने की सजा से दंडित किया गया।

## जिले में लगातार हो रही बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों की मौत

# आउटसोर्स कर्मचारी जितेंद्र की डीपी में काम करने के दौरान करंट लगने से हुई मौत

### आखिरकार कैसे रुकेंगे जानलेवा हादसे, क्या बड़े जवाबदारों पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में विद्युत मंडल की बड़ी लापरवाही के कारण बुधवार शाम आउटसोर्स कर्मचारी जितेंद्र बोरदे की की करंट लगने से मौत हो गई थी, जिसका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह किया गया। जानकारी अनुसार दीपगांव के रहने वाले कर्मचारी जितेंद्र वर्ष 2007 से एमपीईबी में काम कर रहे थे, परिवार में माता पिता पत्नी और दो बच्चे है। वहीं माता पिता गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं।

जिले में लगातार एमपीईबी आउटसोर्स कर्मचारियों की मौत के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे है। बीते शनिवार चापड़ा में एमपीईबी कर्मचारी महेन्द्र सिंह की काम करने के दौरान करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई थी। बुधवार शाम 6 बजे कन्नौद डिविजन के खातेगांव डीसी अंतर्गत दीपगांव में एक ओर जानलेवा घटना घटित हुई जिसमें जितेंद्र को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। ग्राम खल भखताल के बीच 11 केवी लाइन अंतर्गत डीपी में काम करते समय जितेंद्र हादसे का शिकार हुआ।

डीपी के डीओ बांधते समय कर्मचारी जितेंद्र बोरदे को करंट ने अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी अनुसार आउटसोर्स कर्मचारी जितेंद्र लगभग 18 वर्ष से विद्युत मंडल में कार्यरत था। आउटसोर्स होने के कारण जितेंद्र का मुख्य कार्य मीटर रीडिंग और बिल बांटने का था, लेकिन विद्युत मंडल द्वारा नियमों को ताख पर रखकर बिजली संबंधित कार्य भी कराए जा रहे थे, और उसी के चलते मृतक जितेंद्र बिजली कार्य करने के लिए गया था। ग्राम खल भखताल के बीच 11 केवी लाइन अंतर्गत डीपी के डीओ बांधते वक्त जितेंद्र को करंट लगा और उसकी मौत हो गई। परमिट होने के बावजूद भी कैसे बिजली चालू हो गई, यह जांच का विषय है। जानकारी अनुसार जितेन्द्र दो डीओ बांध चुका था। तीसरा डीओ बांधने के दौरान लाइन में करंट आ गया और वह हादसे का शिकार हुआ। आखिरकार कैसे जानलेवा हादसे रुकेंगे यह बड़ा विषय हैं, क्या बड़े जवाबदारों पर कार्रवाई की जाएगी।



#### परमिट लिया गया था

कन्नौद डिविजन अंतर्गत खातेगांव वितरण केन्द्र के उपयंत्री ललित घानेकर ने बताया कि परमिट लिया गया था दो डीओ बांध चुका था जैसे ही तीसरा डीओ बांधने गया वैसे ही लाइन में रिटर्न करंट के चलते हादसे का शिकार हुआ। ग्रिड से लाइट बंद थी परमिट लिया हुआ था। 11 केवी का काम किया जा रहा था। रिटर्न करंट कैसे आया इसकी जांच की जाएगी। अभी हमने परिवार के साथ शामिल होकर उनका अंतिम संस्कार किया हैं। हर संभव आर्थिक सहायता की जाएगी। यूनियन के द्वारा भी मदद की जाएगी।

#### अधिकारी बनाते हैं दबाव

मध्यप्रदेश आउटसोर्स कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह राजपूत ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारियों को मीटर रीडिंग, बिल बांटने और स्थाई लाइन मेन के हेल्पर के रूप में कार्य करने हेतु रखा जाता है। वहीं शासन से आउटसोर्स कर्मचारियों को जोखिम भत्ता पिछले एक वर्ष से स्वीकृत किया जा चुका है जिसके अनुसार एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाना है किंतु अभी तक हमें नहीं दिया जा रहा हैं विगत दिनों अधीक्षण यंत्री को हमने इस सम्बंध में ज्ञापन भी सौंपा था जिसके बाद कैटिगरी वाइस कुछ लोगों को ही इसमें शामिल करने हेतु लिस्टिंग की गई। पूरे जिले में लगभग 1600 कर्मचारी हैं जिसमें 100 के लगभग कम्प्यूटर ऑपरेटरों को छोड़कर फील्ड में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को जोखिम भत्ता मिलना चाहिए। लेकिन 1495 कर्मचारियों में से केवल 200- 300 कर्मचारियों को ही जोखिम भत्ते हेतु शामिल किया गया हैं। जितेंद्र आउटसोर्स कर्मचारियों की अकुशल श्रेणी में आते थे जिन्हें किसी भी स्थिति में जोखिम भरे कामों के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता था। अधिकारियों के दबाव में आकर हमें जोखिम भरे कम जैसे जम्फर बांधना, डीपी के डीओ बांधना करने पड़ते हैं।



#### जांच कर कार्रवाई करेंगे

खातेगांव थाना प्रभारी विक्रांत झाझोट ने बताया कि बुधवार शाम को जो घटना खल भखताल में हुई हैं उसमें खातेगांव थाने मर्ग पंजीबद्ध कर लिया गया है। शव का पीएम करवाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया हैं। घटना की जांच कर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# दल ने जिले में मूंग उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण

### अनियमितता पाई जाने पर पंचनामा बनाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में मूंग उपार्जन वर्ष 2025-26 में चल रहे उपार्जन में केंद्रों का निरीक्षण राज्य स्तर के दल में शामिल उप संचालक कृषि आर एस गुप्ता एवं सहायक संचालक कृषि अशोक कुमार संचालनालय भोपाल द्वारा किया गया। जिसमें सभी उपार्जन केंद्रों में रेंडम बोरियों से मूंग का सैंपल लेकर उसकी गुणवत्ता को देखा गया। साथ ही जो मूंग नॉन एफएक्यूं स्तर की थी उन सभी को राज्य स्तर की टीम ने अपग्रेड करने हेतु समिति प्रबंधक सर्वेयर एवं नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही कुछ उपार्जन में केंद्रों में अनियमितता पाई जाने पर पंचनामा बनाए गए एवं चेतावनी दी गई। सेवा सहकारी समिति उदयनगर में उपस्थित सर्वेयर आशीष चौहान द्वारा अमानक स्तर के मूंग की खरीदी की जाने पर दल द्वारा उसे तत्काल प्रभाव से कार्य मुक्त करने का निर्देश दिया। दल द्वारा किसानों को असुविधा से बचने के लिए उनके बुक किए गए स्लॉट के दिनांक पर ही लाने के लिए एवं मानक स्तर का मूंग लाने की सलाह दी गई जिससे कम समय में मूंग की तुलाई उपार्जन केंद्र पर हो सके। निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि गोपेश पाठक एवं सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराड़े एवं संबंधित केंद्र में उपस्थित कृषि विस्तार अधिकारी, संबंधित वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन एवं लॉजिस्टिक के शाखा प्रबंधक एवं जिला विपणन संघ के गोदाम प्रभारी भी उपस्थित थे।

### शराब ले जा रहे व्यक्ति को महिला ने पकड़ा, सड़क पर गिरी बोतलों को उठा ले गए लोग

**देवास।** इटावा क्षेत्र में गुरुवार को एक महिला ने शराब की पेटी ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ लिया। महिला ने उसकी शराब नीचे गिरा दी, जिसे सडक़ से गुजरने वाले राहगीर उठाकर ले गए। महिला अनीता परमार ने खुद पुलिस के साथ व्यक्ति को पकडक़र पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचाया। बाद में उसे कोतवाली थाने पहुंचा दिया गया। अनीता ने आरोप लगाया कि पुलिस और आबकारी विभाग ने उसके पति पर झूठा मामला दर्ज किया है। उसने कहा कि यह व्यक्ति शराब ले जा रहा था, लेकिन पुलिस उसे पकड़ नहीं पा रही थी। महिला ने मांग की कि इस व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जाए और उसके पति पर दर्ज झूठे मामले को हटाया जाए। अनीता ने बताया कि ठेकेदार द्वारा उन पर डायरी से शराब बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी कारण उसके पति पर झूठा केस दर्ज कराया गया। महिला ने इटावा क्षेत्र में कई लोगों के यहां अवैध शराब बिक्री होने का भी आरोप लगाया है। सिविल लाईन थाना क्षेत्र पुलिस ने महिला के पति दीपक परमार के खिलाफ एक दिन पहले ही आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 6 पेटी शराब अवैध रूप से बरामद की थी। बताया जा रहा है कि दीपक परमार जिलाबदर होने के बावजूद अवैध रूप से शराब की तस्करी कर रहा था। दीपक राम मंदिर के पास इटावा का रहने वाला है।

# वादी द्वारा जिलाधीश व वन विभाग के विरुद्ध प्रस्तुत वाद न्यायालय ने किया खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शंकरगढ़ पाल नगर, देवास स्थित शंकरगढ़ पहाड़ी पर स्थित भूमि को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय जिला न्यायालय द्वारा किया गया है। मेसर्स आर. आर. स्टोन के संचालक रजनीश अग्रवाल द्वारा जिलाधीश व वन विभाग के विरुद्ध सिविल वाद क्रमांक 74A/2021 प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उन्होंने न्यायालय से स्टे आदेश की मांग करते हुए उसके द्वारा किये निर्माण मै हस्तक्षेप न कर वृक्षा रोपण हेतु गढे खोदने कार्य को रोकने हेतु स्टे की मांग का निवेदन किया था।

वाद में उल्लेख किया गया कि यह वादी की भूमि है जबकी वादी की भूमि शंकरगढ़ पहाड़ी पर स्थित है, व पहाड़ी से निचे पालनगर अन्तर्गत उसी क्षेत्र में 200 मीटर नीचे सर्वे नंबर 414 में वन विभाग की बेशकीमती भूमि स्थित है, जिस पर वृक्षारोपण किया गया है और निरंतर किया जा रहा है। वादी द्वारा उक्त वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण व खुदाई की कार्रवाई की गई थी, जिस पर वन अधिनियम के अंतर्गत रजनीश अग्रवाल के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वाद में वन विभाग को प्रारंभ में पक्षकार नहीं बनाया गया था।

बाद में सरकारी अभिभाषक श्री मनोज श्रीवास द्वारा न्यायालय से वन विभाग को पक्षकार बनाए जाने की अनुमति मांगी गई, जो स्वीकृत की गई। इसके उपरांत शासन की ओर से साक्ष्य व गवाहों के माध्यम से प्रभावी रूप से पक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश किरण सिंह की न्यायालय ने समस्त दस्तावेजों व दोनों पक्षों के गवाहों के बयान का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए, वादी द्वारा प्रस्तुत वाद को खारिज कर दिया। न्यायालय के निर्णय से यह दर्शीत है कि वन विभाग की भूमि पर अवैध निर्माण या अतिक्रमण को संरक्षित नही किया जा सकता है शासकीय अभिभाषक मनोज श्रीवास द्वारा शासन की ओर से प्रभावशाली पैरवी की गई, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने जिलाधीश एवं वन विभाग के पक्ष में निर्णय सुनाया। यह निर्णय वन भूमि की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### श्री पितरेश्वर महादेव कांवड़ यात्रा निकली



**भौरासा।** ग्राम नराना से श्री पितरेश्वर महादेव कावड़ यात्रा को पटेल परिवार के मुखिया पटेल रायसिंह गौड़, देवकरण गौड़, ओमप्रकाश गौड़ की अगुवाई में निकाला गया। यात्रा को पुरोहित संतोष मेहता के मार्गदर्शन मे निकाली गई। यह यात्रा श्री पितरेश्वर महादेव मंदिर पटेल स्व.अनोपसिंह गौड़ के स्मरण स्थल से श्री महाकाल ज्योतिर्लिङ्ग उज्जैन तक पैदल पहुंची। उक्त जानकारी दिलराज गौड़ ने दी। इस यात्रा मे मदन डाबी,भगत, समंदर चंदेल,आश्विन,अजय,दिव्यांशु, दिव्यम, सार्थक आदि परिवारजन एवं भक्तगण शामिल हुए।

# शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ पूर्णाहुति के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर के गांव सुमराखेड़ी में खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। यज्ञ के यजमान शिव नारायण पटेल,मदन पटेल,रवि पटेल,हिम्मत पटेल,मोहन पटेल को यज्ञ आचार्य द्वारा मंत्र उच्चारण कर आहुतियां दिलवाई गई। तीन दिवसीय इस प्राण प्रतिष्ठा महाउत्सव महायज्ञ में समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। वही संजय कुमार शास्त्री यज्ञ आचार्य ने बताया की भोले बाबा नाम से ही नहीं मन से भी बहुत भोले हैं उनके समान दूसरा कोई दानी नहीं है। देवों और दानव सहित समस्त चराचर जीवन पर समान करुणा बरसाने वाले हैं।महादेव की कृपा भव से तार देती है। सावन महीने के पावन अवसर पर भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन ग्रामवासियों ने करवाया। इससे बाबा भोलेनाथ की कृपा आप सब पर बरसेगी। तत्पश्चात यज्ञ नारायण भगवान की आरती पूजन कर भोग लगाकर पूर्णाहुति के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इसी के साथ भगवान शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। यह जानकारी ग्राम सुमराखेड़ी खेड़ापति हनुमान मंदिर पुजारी अभय राधेश्याम नागर ने दी।

### सेन थॉम एकेडमी में सत्र 2025-26 के लिए पदभार ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

# एसपी गेहलोत ने विद्यार्थियों को दिए जा रहे अवसरों को सराहा






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भोपाल रोड़ स्थित सेन थॉम एकेडमी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित छात्र परिषद के औपचारिक शपथग्रहण हेतु एक भव्य और गरिमामयी पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में नेतृत्व और समर्पण जैसे मूल्य, जिन्हें विद्यालय सदैव सर्वोपरि मानता है, की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

इस अवसर के मुख्य अतिथि देवास जिले के पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत थे। उनका स्वागत स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ भेंट कर विद्यालय के अध्यक्ष सुनील थॉमस एवं निदेशिका हैंसी थॉमस द्वारा किया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन, प्रार्थना नृत्य और स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद नवनिर्वाचित परिषद के सदस्यों की घोषणा की गई। विभिन्न पदों के लिए 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 47 विद्यार्थियों का चयन एक तीन-चरणीय निष्पक्ष प्रक्रिया लिखित परीक्षा, प्रथम चरण साक्षात्कार और अंतिम साक्षात्कार के माध्यम से किया गया।

मुख्य छात्र नेता के रूप में हेड बॉय आदर्श राणा और हेड गर्ल देवांशी मेहता नवनिर्वाचित परिषद का नेतृत्व करेंगे। जूनियर वर्ग में जूनियर हेड बॉय पीयूष देशमुख और जूनियर हेड गर्ल सई पाटिल चुने गए हैं। सेंट जॉन हाउस में हाउस कैप्टन - महिमा जादौन, वाइस कैप्टन - कनिष्क माहाजन, जूनियर हाउस कैप्टन - अन्वी शर्मा, जूनियर वाइस हाउस कैप्टन - हर्षवर्धन राठौर रहेंगे। सेंट ल्यूक हाउस के पदाधिकारी हाउस कैप्टन - अनुष्का चौहान, वाइस कैप्टन - संदली सोनी, जूनियर हाउस कैप्टन - तमन्ना, जूनियर वाइस हाउस कैप्टन - शिवांश भावसार है। सेंट मार्क हाउस का नेतृत्व हाउस कैप्टन - ध्रुव चौधरी, वाइस कैप्टन - शांभवी मिश्रा, जूनियर हाउस कैप्टन - सृष्टि सोलंकी, जूनियर वाइस हाउस कैप्टन - आरती सिंह करेंगे।

सेंट मैथ्यू हाउस की नई टीम में हाउस कैप्टन - रवीना चौधरी, वाइस कैप्टन - शक्ति एस. नागर, जूनियर हाउस कैप्टन - पुण्यश्री महापात्रा, जूनियर वाइस हाउस कैप्टन - शिव श्रीवास्तव शामिल हैं। सांस्कृतिक समिति की संयोजक मौमिता मंडल और सचिव कनिष्का सूर्यवंशी, याशिका गिरी, आकृति परमार एवं ज़रियाती शेख हैं। अनुशासन समिति की संयोजक राधिका खींची, तथा सचिव आयुष यादव, स्वर्णिका सोलंकी, मौली जैन, लक्ष्य सिंह, प्राशुक सिंह, दिव्यांश सोंगरा, अर्पित यादव, आराध्या गुप्ता, आद्या दूबे और अविका राठौर हैं। साहित्यिक समिति की संयोजक मोपिया कर्माकर, और सचिव - इति उपाध्याय, आद्या वैश्य, सिंधुजा पंडा, याशिका राजपूत, आदर्श चौधरी तथा रिद्धिमा पाटीदार को बनाया गया हैं।

खेल समिति के संयोजक ध्रुव पटेल, और सचिव यशिका दूबे, नूपुर कुचेरिया एवं अफ़्फ़ान उद्दीन शेख को बनाया गया हैं। नव-निर्वाचित परिषद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण के समय ईमानदारी, निष्ठा और टीम भावना के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया गया। नव-निर्वाचित छात्र परिषद के औपचारिक शपथग्रहण समारोह में अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में एसपी पुनीत गेहलोत ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को दिए जा रहे अवसरों की सराहना की, जो भविष्य में उनकी सफलता सुनिश्चित करते हैं। साथ ही उन्होंने छात्रों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# जुलाई माह बीतने के बाद भी क्षेत्र के जलाशय खाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

इस वर्ष क्षेत्र में शुरुआत से ही धीमी बारिश देखी गई है। कभी रिमझिम तो कभी फुआरोवाली बारिश होने के कारण आज भी क्षेत्र के सभी जलाशय खाली दिखाई दे रहे हैं। अगस्त माह पूरा बीत चुका है। बावजूद इसके भी क्षेत्र के तालाब, बावड़ी, कुएं, नदी और नाले खाली ही दिखाई दे रहे हैं। आसमान में बादल तो छाते हैं, बारिश भी शुरू होती है, लेकिन रिमझिम बारिश कुछ मिनट के लिए आती है और चली जाती है। हालांकि बात की जाए तो प्रदेश के ऐसे कई जिले हैं जहां पर लगातार बारिश होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है, लेकिन बागली क्षेत्र आज भी तेज बारिश का इंतजार कर रहा है। किसानों का मानना है कि यदि सावन माह में हुआ बावड़ी, तालाब, नदियां नहीं भर पाते है तो आने वाली फसल में सिंचाई को लेकर काफी परेशानियां खड़ी होगी,क्योंकि जब तक जलाशय नहीं भर पाएंगे जमीन का जल स्तर नहीं बढ़ता है। किसान धर्मेंद्र सिंह सेंधव, हेमराज पाटीदार ने बताया है कि यदि क्षेत्र के जलाशय नहीं भरते हैं तो पानी का जल स्तर नहीं बढ़ पाएगा। जो की चिंता जनक है क्योंकि सावन माह भी अब खत्म होने को है और इन दिनों में कुएं बावडी तक भर जाते हैं, लेकिन इस बार क्षेत्र में तेज बारिश देखने को नहीं मिली हैं, जिसके कारण नदी नाले उफान पर नहीं आए हैं। चापडा का सबसे बड़ा तालाब जो कि अभी भी खाली नजर आ रहा है। बताया जाता है कि यदि चापडा का तालाब भरकर ओवरफ्लो हो जाता है तो पर्याप्त बारिश मानी जाती है लेकिन अभी तालाब में पुराना पानी ही भरा हुआ है। चापडा, गुराडियाकला, भमोरी, इकलेरा सहित आसपास के गांवों में स्थित सभी तालाब खाली नजर आ रहे हैं।

**ख़बर संक्षेप**



## अब चढ़ार चंदेल समाज का जिलाध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया से होगा : रानू चौसा

**ललितपुर।** चढ़ार चंदेल समाज की बैठक श्रीतुवन मंदिर ललितपुर मे संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने मुख्य उद्देश्य था की समाज का जिलाध्यक्ष अब चुनाव के माध्यम से निर्वाचित हो जिसमे सभी समाज बंधुओ ने अपनी सहमति प्रदान की। युवा जिलाध्यक्ष रानू चौसा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से अध्यक्ष को चुनना समाज के लिए गौरव पूर्ण बात होगी, क्योकि चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र भारत का हिस्सा है जो समाज के युवा साथी इस मे सहभागी है और उत्साह दिख रहा है। गब्बर टेनगा ने कहा की जिले के चुनाव के वाद विधानसभा ब्लॉक और तहसील स्तर पर कमेटी गठित की जायगी और शंकर चंदेल मानसिंह चंदेल साहित सभी ने अपने विचार रखे। बैठक की अध्यक्षता उदल सिंह चंदेल ने की जिसमे पाली समिति अध्यक्ष शंकर कैथौरा, महासचिव पवन चंदेल, उपाध्यक्ष प्रदीप राधे, सहसंयोजक राजकुमार दाऊ बूचा, गब्बर टेंगा, कोमल बिरधा, सुनील अगोडी, शंकर गोविंद नगर, नरेन्द्र पाली, मानसिंह बरखेड़ा, अरविंद्र अंधेर, अरविंद्र बम्होरी कला, देवेंद्र कल्याणपुरा, रमेश अचार्यजी पाली, प्रीतम बम्होरीकला, कन्छेदी, चंदेल मैरती, लखन, संतोस, राजेन्द्र कल्याणपुरा, पूरनलाल राजवारा, सोबरन बम्होरीकला, मानसिंह निवाई आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजनान्तर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण

**ललितपुर।** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, ललितपुर ने सूचित किया है कि मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन जिले के न्याय पंचायत या ग्रामसभा पर किया जाना है। प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षार्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं साक्षर होना आवश्यक है। प्रशिक्षण उपरान्त इच्छुक प्रशिक्षार्थी को खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने पर अधिकतम 01 लाख रूपये का अनुदान विभाग द्वारा दिया जायेगा। पंचायत पर प्रशिक्षण 30 प्रशिक्षार्णी होना अनिवार्य है।

**चोरी के अभियोग में अभियुक्तों को न्यायालय उठने तक व 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा**

ललितपुर । पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, श्रीमान्‌ पुलिस अधीक्षक, ललितपुर श्री मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया।

### उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, रखी अपनी मांगें

# विद्युत दर न बढ़ाए सरकार, फिक्स चार्ज करे समाप्त, ऊर्जा मंत्री की टिप्पणी से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



प्रदेश में बेतहाशा हो रही बिजली कटौती, एवं उ.प्र.विद्युत नियामक आयोग द्वारा प्रस्तावित लगभग 45 प्रतिशत बढाई जा रही विद्युत दरों को न बढाये जाने एवं फिक्स चार्ज को समाप्त किए जाने एवं ऊर्जा मंत्री जी द्वारा व्यापारियों (बनियों) के ऊपर की गयी टिप्पणी को लेकर उ.प्र. उद्योग व्यापार मण्डल ने जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी अमनदीप डुली को सौंपा है। मुख्यमंत्री को व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान समय में प्रदेश में लगातार हो रही बिजली कटौती एक गम्भीर समस्या हो गई है। जिससे व्यापारियों व आमजनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली कटौती के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहे है और उनकी आजीविका भी प्रभावित हो रही है इस समस्या के लिए आवश्यक उचित कदम उठाएं जाने की आवश्यकता है। बताया कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियायक आयोग द्वारा आपके समक्ष बिजली की दरों एवं फिक्स चार्ज को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया गया है।

प्रस्ताव स्वीकृत होने की दशा में मध्यवर्गीय एवं निम्नवर्गीय परिवारों के हितों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा तथा गरीबी रेखा के नीचे आने वाले उपभोक्ता को 3 रूपया की जगह 4 रूपया प्रति यूनिट देनी होगी। प्रस्तावित की गई दरों 1 किलोवाट पर आधारित 100 यूनिट 8.40 रूपया वर्तमान में 6.60 रूपया है जिसके मुताबिक लगभग 45 प्रतिशत यथास्थिति में दरें बढ़ जायेगी, इसी प्रकार शहरी फिक्स चार्ज 110 से बढ़ाकर 190 रूपया और ग्रामीण क्षेत्र में 90 रूपया से 150 रूपया प्रति किलो वाट प्रस्तावित दरों के हिसाब से हो जाएगा। वैसे भी उपभोक्ता निर्धारित उपभोग की गई विद्युत मूल्य को पूर्णता अदा कर रहा है तो फिक्स चार्ज क्यों लिया जा रहा है। इसें बंद किया जाना चाहिए। वर्तमान में स्मार्ट मीटर बिजली उपयोग से 4.5 गुना अधिक रीडिंग दे रहे है जिसे चेक मीटरों ने भी गलत ठहराया है। उपरोक्त स्मार्ट मीटर लगाए जाने वाली दोनों कम्पनियां पूर्व से गोवा में ब्लैक लिस्टिड की गई थी। आपसे निवेदन है कि इस अनुबंध की पुनः समीक्षा कर इन मीटरों से मुक्ति दिलायी जाये। वहीं हाल ही मे प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री अरविन्द कुमार शर्मा जी ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के मध्य एक बैठक में व्यापारियों (बनियों) के ऊपर जो टिप्पणी की है। यह टिप्पणी सामजिक ताने-बाने को तोडन्ने वाली है। व्यापारी वर्ग प्रधानमंत्री की संकल्पना विकसित व आत्मनिर्भर भारत की बुनियाद को मजबूत करने में कार्य कर रहा है, लेकिन इस टिप्पणी से वह आहत है। इस प्रकार की टिप्पणी समाज में अक्षम्य है इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त आदेश की जरूरत है। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से इन मामलों में उचित प्रभावी कार्यवाही करने की मांग उठायी है।

### जिला गंगा समिति की मासिक बैठक संपन्न

# पुनरोद्धार के लिए जल्द चयनित होगी नदी और एक वाटर बॉडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण,पर्यावरण एवं गंगा समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया ' प्रभागीय वनाधिकारी गौतम सिंह द्वारा बैठक का शुभारम्भ किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जि ला धि का री अमनदीप डुली ने परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के पत्र के सन्दर्भ में अवगत कराया कि जल संसाधन की समुचित व्यवस्था व पर्यावरण के सुधार के लिऐ जनपद में एक नदी तथा एक वाटर बॉडी को पुनरोद्धार के लिए चयनित कर उसकी कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

**जैविक खेती प्रोत्साहन के लिए आयोजित होंगी गोष्टियाँ**

उपरोक्त के क्रम में यह भी कहा कि छोटी व सहायक नदियों के पुनरोद्धार एवं कायाकल्प किये जाने हेतु मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में जनपद के सम्बंधित विभागों/कार्यदायी संस्थाओ एवं संस्थानों के तकनिकी विशेषज्ञों के साथ अनुश्रवण समिति का गठन पूर्व में किया जा चुका है। नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा और उसकी सहायक नदियों को प्रदुषण मुक्त करने, विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों को आमजन तक पहुंचने के लिऐ प्रचार प्रसार करने के लिए जिला गंगा समितियों के निर्देशन में कराने हेतु ग्राम गंगा सेवा समितियों का गठन किया जा चुका है' इन समितियों के माध्यम से आगामी समय में नदियों में प्रदुषण की रोकथाम एवं नदियों के किनारे जैविक खेती के प्रोत्साहन हेतु जागरूकता गोष्टियां भी आयोजित की जाएंगी।

# राष्ट्रीय ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन का राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन रजि. का राष्ट्रीय अधिवेशन कंचन भवन अयोध्या में महंत विजय दासजी के मुख्य तिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पदाधिकारियों सहित अन्य जनपदों बलिया, बलरामपुर, अयोध्या सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे। अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व बंधु शास्त्री ने की। संचालन प्रदेश महामंत्री मुनेन्द्र त्यागी द्वारा किया गया। प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रकारों से संगठित होकर कार्य करने का आवाहन किया।

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय जैन ने बैठक में घोषणा की संगठन से जुड़े सभी पत्रकारों का बीमा कराया जाएगा। जिसके लिए उनसे कोई धन नहीं लिया जाएगा। प्रदेश सचिव विष्णु चंसौलिया ने पत्रकारों से संगठित होकर कार्य करने पर बल दिया। प्रदेश महामंत्री मुनेन्द्र त्यागी ने कहा कि पत्रकारों से अपील की कि वह आपस में एक दूसरे की बुराई न कर अपने से वरिष्ठ पत्रकारों से सीख लेने की नसीहत दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व बंधु शास्त्री ने सभी पत्रकारों से आग्रह किया कि वह संगठित होकर कार्य करें जिससे कोई उनका उत्पीडऩ करता है तो उसे समय पर उचित जवाब दिया जा सके। कार्यक्रम के समापन पर महाराजश्री ने पत्रकारों का आह्वान किया कि वह समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। पत्रकार समाज का दर्पण होता है इसलिए आप जैसे होंगे वैसा ही समाज बनेगा। इसमें विश्व बंधु शास्त्री राष्ट्रीय अध्यक्ष, कमल अग्रवाल राष्ट्रीय महामंत्री, धरमपाल गिरि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अजय जैन कोषाध्यक्ष, उमेश गुप्ता राष्ट्रीय सचिव, विष्णु चंसौलिया आदि थे।

# गो सेवा आयोग सदस्य ने गोशाला का किया भ्रमण

### अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक गोसंरक्षण, जैविक खेती और समाज सुधार के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



उत्तर प्रदेश सेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गौ संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों व पदाधिकारियों के साथ गौवंश संरक्षण, संवर्धन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गौ संरक्षण एवं संवर्धन, गौशालाओं को स्वाव लम्बी बनाने, जैविक खेती के प्रोत्साहन, निराश्रित गौवंश की समस्याएं तथा समाज में व्याप्त नकारात्मक प्रवृतियों पर गहन विमर्श करते किया गया। सेंगर ने कहा कि गौशालाएं केवल गोपालन का केन्द्र न रहकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और कृषि आधारित रोजगार का माध्यम बनें, इसके लिए उन्हें स्वाव लम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाना अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को सुझाव दिया कि गौशालाओं से निकले वाले गोबर, गौमूत्र, गोबर के गमले, पेंट, मूर्ति एवं अन्य उत्पादों का सदुपयोग कर जैविक खाद, कीटनाशक, फिनायल एवं प्राकृतिक कृषि उत्पाद तैयार किये जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्थानीय रोजगार को भी बल मिलेगा। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि निराश्रित गौवंश को सड़क पर विचरण न केवल वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनता है, बल्कि यह एक बड़ी सामाजिक एवं प्रशासनिक चुनौती भी है, इसके समाधान हेतु गौवंश को आश्रय स्थलों में रखे जाने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाने की आवश्यकता है। राजेश सिंह सेंगर ने समाज में राष्ट्रवादी मूल्यों के क्षरण और नकारात्मकता की बढ़ती प्रवृत्तियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को संवेदनशीलता, सेवाभाव एवं नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना की ओर अग्रसर होना समय की मांग है। उन्होंने एक प्रेरणा दायी कहानी के माध्यम से समाज में नकारात्मकता को समाप्त कर सकारात्मकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गौसेवा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक उत्थान का माध्यम है। उन्होंने बड़ी गौशालाओं में लिफ्टर मशीन खरीदने के लिए खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये, ताकि घायल एवं गिरे हुए गौ वंशों को उठाकर उनका इलाज किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों की मांग पर गौशाला के केयरटेकर का मानदेय बढ़ाने पर विचार करने का आश्वासन दिया। जनपद की गौशालाओं में वृक्षारोपण और गोचर भूमि पर 117 एकड़ चारे की बुआई पर प्रसन्नता जाहिर की, उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि वर्षाकाल में पशुओं में अनेकों बीमारियां फैलती हैं, इसको प्रभावी रोकथाम के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण कराया जाए और यदि गौवंश की मृत्यु हो जाती है तो उसे विधिवत समाधि दी जाए। उन्होंने सुरक्षित चारागाह कारी पहाड़ी की भूमि पर वृक्षारोपण किया।

# राजकीय संप्रेषण किशोर गृह में योग का प्रशिक्षण आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राज्य आयुष सोसायटी लखनऊ, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं मा. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी नंद लाल सिंह जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉक्टर रामशब्द यादव/जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर अर्जुन लाल अहिरवार के आदेशानुसार राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में मास्टर योगा ट्रेनर रामू कांत, योग प्रशिक्षक* राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय एवं योग वेलनेस सेंटर ललितपुर द्वारा राजकीय संप्रेषण गृह के नेहरु नगर में योगासन और प्राणायाम के साथ-साथ मानसिक विकारों को दूर करने योग निद्रा का योगाभ्यास कराया । राम खिलावन, दीपक और राम कुमार द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## श्रद्धा पूर्वक मनाया गया तीर्थंकर पाश्र्वनाथ का निर्वाणोत्सव, नवागढ़ में मनाई गई मोक्ष सप्तमी

**ललितपुर।** प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ में श्री पारसनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव संगीतमय विधान के साथ नवागढ़ गुरुकुलम के सभी बच्चों के साथ मनाया गया। आयोजन जयकुमार निशांत के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रचार मंत्री डा.सुनील ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ सातवीं सदी के भू गर्भ से प्रकटित मनोकामनापूर्ण अतिशयकारी भगवान अरनाथ स्वामी के अभिषेक एवं शांतिधारा के साथ हुआ। जिसमें गुरुकुलम के बच्चों द्वारा बड़े ही उत्साह पूर्वक अपनी अपनी समर्थ के अनुसार श्रद्धा राशि समर्पित करके भगवान अरनाथ जी कि शांतिधारा की एवं तत्पश्चात दैनिक पूजन के साथ भगवान पारसनाथ स्वामी का विधान हुआ। इस दौरान राजेंद्र जैन, कुसुमलता ने निर्वाण लाडू समर्पित किया। समापन पर क्षेत्र महामंत्री वीर चंद्र एवं क्षेत्र निर्देशक जयनिशांत द्वारा तीर्थंकर भगवान पाश्र्वनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए उपसर्ग एवं पारसनाथ भगवान की सहनशीलता एवं क्षमाशीलता के बारे में बताते हुए गुरुकुलम के सभी छात्रों को पारसनाथ भगवान के निर्वाण महोत्सव की विशेष जानकारी दी गई। इस मौके पर अनेक स्थानों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में तीर्थक्षेत्र कमेटी नवागढ़ एवं गुरुकुलम के पदाधिकारियों का योगदान रहा।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार, का निरीक्षण किया गया। जिला जज नरेंद्र कुमार झा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा जिला सचिव मयंक जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के द्वारा जिला कारागार, ललितपुर निरीक्षण में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं किसी प्रकार की समस्या से अवगत नहीं कराया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो वह कारागार प्रशासन के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र भेज सकते है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं प्रातं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। जिला कारागार में निरीक्षण के समय शिव मूरत सिंह, जेल अधीक्षक, वैभव कुमार जैन, चीफ लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, विक्रम सिंह ठाकुर, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, डा0 विजय कुमार द्विवेदी, चिकित्साधिकारी आदि मौजूद थे।



# राजयोग आपके जीवन को खुशहाल बनाता है: प्रजापति ब्रह्माकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा पाली में एक प्रेरणादायक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवा में योगदान देने वाले व्यक्तियों को मंच पर अंग वस्त्र, तिलक, पुष्प, स्लोगन कार्ड से सम्मानित किया गया। शुभारंभ राजयोग व सरस्वती जी के पूजन के साथ किया गया। इस दौरान राजयोगिनी बीके चित्र रेखा दीदी ने बताया कि बहुत सारे ऐसे प्रोजेक्ट हैं जो भारत सरकार चलाती है। ब्रह्मा कुमारीज तो अनेक वर्षों से इसी कार्य में लगी हुई है।

व्यसन मुक्ति अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है पर ब्रह्मा कुमारीज का ध्येय है कि हम व्यसनों से मुक्त अपना जीवन बनाएं और आध्यात्मिक शिक्षाएं जब हमारे जीवन में आती हैं तो सहज ही हम व्यसनों से दूर हो जाते है। लगभग 14-15 लाख भाई-बहन है जो गृहस्थ जीवन में रहते है। सामाजिक जिम्मेवारियों को निभाते है। अपने परिवार का बहुत सुंदर तरीके से संचालन करते है उन्हें व्यवस्थाएं देते है। निर्विकार, निव्र्यसन और दुर्गुण रहित जीवन जीते हैं तो ऐसा जीवन जीने की शिक्षा ही यह विद्यालय देता है क्योंकि जब तक हमें कुछ बेहतर नहीं मिलता है। तब तक हम साधारणता व्यवस्थित बैठ जाते है। लेकिन जब हमें उनसे बेहतर चीज मिल जाती है और शक्ति संपन्नता की अनुभूति कराने वाली हमें चीज मिल जाती है। तो सहजता से ही हम बुराइयों से दूर होते जाते है। तो पिता परमात्मा के साथ सहज राजयोग मेडिटेशन करते है वह सर्वगुणों और शक्तियों की हमें अनुभूति प्रदान कराता है। जीवन में प्रेम समरसता को बढ़ाता है तो सहज ही खुशी से हम व्यसनों से मुक्त हो जाते है। इसी प्रकार से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण, कुशल भारत अभियान, जल ही जीवन है, रक्तदान महादान, पर्यावरण सुरक्षा में ब्रह्मा कुमारीज की क्या भूमिका है? आदि विषयों पर संक्षिप्त में जानकारी देते हुए सभी को रक्षासूत्र (राखी) बांधते हुए यह संकल्प कराया की सदैव हम स्वयं इन व्यसनों एवं बुराइयों से दूर रहेंगे और दूसरों को भी करेंगे।

### मुंशी प्रेमचंद जयंती पर विशेष, मुंशीजी का मानना था कि...

# साहित्य अवसरवादियों का पिछलग्गू नहीं, समाज को आगे ले जाने वाली मशाल: प्राचार्य शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मुंशी प्रेमचंद जी की जयंती पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि राजकुमारों की प्रेम गाथाओं, तिलिस्मी जासूसी कहानियों, कल्पना की सृष्टि खड़ी करने वाले किस्सा तोता मैना, चन्द्र कांता, संतति उपन्यास के कल्पनातीत उपाख्यानों की भूल भुलैया से हिन्दी साहित्य को उबार कर प्रेमचन्द ने कठोर तथा खुरदरी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से रूबरू कराया। उनके उपन्यासों और कहानियों में जिस भारत का चित्रण है, अभी भी बहुत कुछ अपरिवर्तित बना हुआ। उनके जमाने में भी दहेज समस्या थी, नारी उत्पीडऩ था, पर वधू दहन, कन्या भूरण हत्या और अबोध बच्चियों के साथ यौन हिंसा की इतनी अनहोनी घटनाएँ नहीं होतीं थीं। प्रेमचन्द का निर्विवाद रूप से मानना था कि सामंतवाद और पूँजी वाद की दुहरी चट्टान के भीतर जब तक जनजीवन दबा हुआ सिसकता रहेगा, और तब तक उत्पीडऩ का अंत नहीं होगा। प्रेमचन्द भौतिक रूप से भले न हो, पर हमारे चारों ओर उनके कालजयी कथा के पात्र आज भी जिन्दा है। उनकी आँखें वैसी ही आँसुओं में डबडबाई हैं जैसी उनके जमाने में। अपनी आहुति कहानी की नायिका रूपमणि के मुख से उन्होंने कहलवाया कि सत्ता की अदला बदली के बाद यदि अन्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं बदलती तो ऐसे स्वराज्य से क्या लाभ? वह कहती है यदि यह समाज व्यवस्था ज्यों की त्यों बनी रहे, पैसे का शोषण, धर्म के नाम पर अधर्म, जातिगत भेदभाव



और दमन बदस्तूर बना रहे, जॉन की जगह, गोविन्द को गद्दी पर बैठा दिया जाये तो मैं इसे स्वराज्य नही समझती। ऐसे स्वराज्य का न आना ही अच्छा है। अपने कर्मभूमि उपन्यास में अँग्रेजों की न्याय प्रणाली की धज्जियां उड़ाते हुए प्रेमचंद कहते है इतनी अदालतों की क्या जरूरत? ये बड़े-बड़े महकमे किसलिए? ऐसा मालूम होता है कि गरीबों की लाश नोंचने वाले गिद्धों का समूह है। जिसके पास जितनी बड़ी डिग्री है, ओहदा है, उसका स्वार्थ उतना ही बड़ा हुआ है। अपने सर्वोत्कृष्ट उपन्यास गोदान में उनके पात्र मेहता का विचार है मिलों पर पूंजीपति या मजदूरों का जो अपनी जान खपाते हैं, उनका हाथ उन लोगों से ज्यादा है, जो केवल रुपया लगाते हैं इसका तात्पर्य यह नहीं है कि वे औद्योगिकीकरण के खिलाफ थे, बल्कि उनका मानना था कि मशीनों के लिए आदमी नहीं हैं अपितु मशीनें आदमियों के लिए हैं यानि मजदूरों का श्रम और उनका पर्याप्त विश्राम साथ-साथ चलता रहे। वास्तव में गोदान उपन्यास भारतीय साहित्य में किसानों की सही जिन्दगी की जीती-जागती और बोलती हुई तस्वीर है जिसे प्रेमचंद के पहले किसी लेखक ने प्रस्तुत नही कर पायी। नि सन्देह प्रेमचंद्र आधुनिक गद्य युग के मध्ययुगीन क्रान्तिदर्शी कबीर हैं जो हासिये पर पड़ी जनता के साथ संवाद करते हुए आगाह करते हैं कि भागो नहीं, देश और दुनिया को अपने आदर्शों के अनुकूल ढाल दो। दुनिया में चार लेखक ऐसे हुए, जिन्होंने जनता से इस तरह प्रेम किया, जिस तरह माँ अपने बच्चे से कहती है। ये चार लेखक हैं- इंग्लैंड के डिकेन्स, रूस के गो र्की, चीन के लू- शुन और अपने प्रेमचन्द। बिखरे हुए असंगठित बहुसंख्यक दीन-हीन आँखों के आँसू जो उनके गालों से सरककर जमीन पर गिर रहे हैं कथा सम्राट प्रेमचंद का भरोसा है कि वे एक न एक दिन समता और न्याय आधारित रामराज्य की नई सुबह की ओस की बूंद अवश्य बनेंगे।

क्या पूर्व सीएमएचओ रहीं डॉ वाडिवा ने छिपाए पूर्व कलेक्टर, सीएमएचओ, जिला अभियोजन अधिकारी के अभिमत


# एक बाबू अधिकारियों पर भारी, आरोपों के बाद भी पा लिया मनचाहा चार्ज


मुकेश कुमार शर्मा ⏭राजगढ़-ब्यावरा

स्वास्थ्य विभाग की 2008 एएनएम भर्ती में छानबीन समिति के सदस्य रहते हुए कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अपनों को लाभ पहुंचाने के कृत्य में जिला अस्पताल में पदस्थ सहायक ग्रेड-2 दीपक विजयवर्गीय कई धाराओं में अभी न्यायालय में विचाराधीन चल ही रहा है तभी हाल ही में स्थानांतरण हुई राजगढ सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने सारे नियमों को दरकिनार करते हुए दीपक को मलाईदार पदों पर बैठाकर अन्य चार्ज भी सौंप दिए। हाल यह है कि इस समय दीपक के पास स्थापना ,शिकायत एवं न्यायालय से संबंधित मामले का दायित्व सौंप दिया है। इसमें इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की वह पुनः विभाग द्धारा सौंपे गए इन दायित्वों का दुरूप्योग नहीं करेगा।

इस मामले में पूर्व कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं जिला अभियोजन अधिकारी एवं सीएमएचओं डॉ दीपक पिप्पल द्धारा चलाई जा रही विभागीय नोटशीट पर लिखी तत्कालीन अधिकारियों की टीपों को अनदेखा करते हुए सीएमएचओ रहीं डॉ किरण वाडिवा ने दीपक विजयवर्गीय को न केवल जिला मुख्यालय बुलाया बल्कि वहीं चार्ज सौंप दिए जिनको लेकर अभी मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इस तरह अधिकारियों के अभिमत की अवहेलना कर अपने चहेते आरोपी को चार्ज देना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है जिसकी जांच होना चाहिए। इस बारे में जब डॉ किरण वाडिवा से बात करना चाही तो उन्होने दूरी बनाए रखी।




## समझते है पूरा मामला

स्वास्थ्य विभाग में 2008 में एएनएम की भर्ती में छानबीन समिति के सदस्य रहेत हुए कई चहेतों के प्रमाणपत्रों में कांट-छांट व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के आरोपों के चलते तात्कालीन अपर कलेक्टर एसएस बघेल द्धारा सीएमएचओं डॉ सरदार सिह भास्कले को जांच के आदेश दिए गए जिसमें दोषी पाए जाने पर दीपक विजयवर्गीय पर राजगढ थाने में धारा 420,465,468 एवं 120बी के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। जो आज भी न्यायालय में विचाराधीन है।

### लंबे समय से निलंबन का पीड़ित बताकर हाईकोर्ट ने दिए बहाली के आदेश

2008 में आरोपों में उलझे दीपक विजयवर्गीय के निलंबन होने के बाद 2017 में स्वयं के द्धारा याचिका क्रमांक डब्ल्यू पी/166649/2017,16985/2017,16969/2017 तथा 16990/2017 हाईकोर्ट इंदौर में प्रस्तुत की गई तब उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ ने दीपक विजयवर्गीय को लंबे विचारण के चलते विभागीय निलंबन आदेश 9 अक्टूबर 17 को समाप्त कर बहाली का आदेश सुनाया परंतु इस आदेश में यह कहीं नहीं था कि पूर्व में जो विभागीय दायित्व सौपें गए थे वही दिए जाए।

### निलंबन समाप्त होने के बाद पूर्व की भांति चार्ज पाने लगाई याचिका

2017 में बहाली होने के बाद दीपक विजयवर्गीय द्धारा पुनः हाई कोर्ट इदौर में पूर्व में मिले विभागीय दायित्व पाने के लिए याचिका डब्ल्यू पी 10309/2023 प्रस्तुत की गई। जिसमें उच्च न्यायालय इंदौर की खंडपीठ ने याचिका का अंतिम निराकरण करने का आदेश 10 मई 2023 पारित करते हुए तत्कालीन सीएमएचओ डॉ दीपक पिप्पल को 30 दिन के अंदर निराकरण का आदेश दिया।

### तीन अधिकारियों के अभिमत को दरकिनार कर दे दिए पूर्व वाले दायित्व

10 मई 2023 को हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में जब तत्कालीन सीएमएचओं डॉ दीपक पिप्पल ने नोटशीट तैयार कर तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित के पास भेजी तो उन्होने लीगल ओपिनियन का लिखा इसके बाद जब जिला अभियोजन अधिकारी ;डीपीओद्ध का विधिक अभिमत के आधार पर तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने सीधा लिखा कि जो चार्ज वह मांग रहे है वह न दिए जाए किसी दूसरी लोकेशन पर भेजा जाए। इसके साथ ही कलेक्टर दीक्षित ने साफ साफ लिखा की दीपक को इस सेक्शन से दूर ही रखा जाए। इसके बाद भी पूर्व सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा ने किस आधार पर दीपक विजयवर्गीय को चार्ज दिया है यह कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

### दिखवा लेती हूं

हमने हमेशा नियमानुसार ही काम किया है उस समय भी कलेक्टर श्री दीक्षित ने चार्ज न देने की बात कहीं थी। दीपक पिप्पल, तात्कालीन सीएमएचओ राजगढ़ मेरे समय का मामला नहीं है फिर भी मैं इसको दिखवा लेती हूं।

डॉ शोभा पटेल सीएमएचओ राजगढ़

---

पुलिस ने 48 घंटे में गिरफ्तारी

# विवाहिता से सामूहिक दुष्कर्म 3 में से 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कालीपीठ थानाक्षेत्रान्तर्गत गत 27 जुलाई को एक विवाहिता महिला के साथ हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। कालीपीठ पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले तीन में से 2 आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है वहीं तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### क्या था पूरा मामला

27 जुलाई की दोपहर 12 बजे विवाहिता महिला अपने पीहर जा रही थी। इस दौरान सेमलाबे ग्राम के पास तीन लोगों ने विवाहिता को जबरन पकड़ा और उसे पास बने खेत की झोंपड़ी में ले गए। यहां तीनों आरोपियों ने बारी-बारी से महिला के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इसके साथ ही पीड़ति को धमकी दी कि यह बात किसी को बताने पर उसे जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ति किसी तरह अपने घर पहुंची और पति सहित अन्य परिजनों को पूरी जानकारी दी।

परिजन पीड़ति को लेकर तुरंत कालीपीठ थाने पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज करवाई। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों देवसिंह पिता लक्ष्मण तंवर, नानू उर्फ देवसिंह पिता किशनलाल तंवर एवं धुरीलाल पिता मोरसिंह तंवर निवासी भियांपुरा पर दुष्कर्म सहित अन्य सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाशी शुरू की गई। टीआई जीतेंद्र अजनारे ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद पुलिस ने टांडीकला जोड़ के पास से दो आरोपियों देवसिंह तंवर एवं नानू उर्फ देवसिंह तंवर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं तीसरे आरोपी धुरीलाल तंवर की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# आरोपी शिक्षक की सेवा समाप्ति हेतु हिंदू उत्सव समिति ने सौंपा ज्ञापन




**सारंगपुर।** गाय के साथ अप्राकृतिक कृत्य करने वाले आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद की सेवा समाप्ति की मांग को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर ने विरोध दर्ज कराया है। समिति ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ के नाम एक ज्ञापन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर के प्राचार्य दिनेश गुप्ता को सौंपा। ज्ञापन का वाचन समिति अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने बताया कि मोहम्मद राशिद जैसे व्यक्ति का शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में होना न केवल अनुचित है, बल्कि सम्पूर्ण समाज के लिए शर्मनाक है।

हिन्दू समाज की ओर से मांग की गई कि आरोपी शिक्षक की तत्काल सेवा समाप्त की जाए, अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान कैलाश गौड़, अनिल जैन, सतीश गिरजे, राकेश माहेश्वरी, संतोष प्रजापति, निकेश पुष्पद, अभिषेक गिरजे आदि उपस्थित रहे।

---

सारंगपुर में गोमाता से गलत काम करने का मामला

# हैवान बने शिक्षक को सस्पेंड करने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत दिवस जिले के सारंगपुर नगर में मानवता को शर्मसार करने का मामला सामने आया था। यहां कन्या शाला में पदस्थ शासकीय शिक्षक मोहम्मद राशिद पिता मोहम्मद रईस ने गाय माता के साथ अप्राकृतिक कृत्य जैसी घिनौनी वारदात को अंजाम दिया था।

उक्त पूरी घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद सारंगपुर पुलिस ने 3 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर हुए पूरे नगर में उसका जुलूस निकालते हुए जेल भेज दिया। उधर, शिक्षा विभाग ने इस घिनौने कृत्य को अंजाम देने वाले आरोपी शिक्षक मोहम्मद राशिद को तत्काल सस्पेंड करने का प्रस्ताव आयुक्त लोक शिक्षण को भेजा है। जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने बताया कि चूंकि, आरोपी उच्च माध्यमिक शिक्षक है ऐसे में उसे स्थानीय स्तर पर सस्पेंड करने के अधिकार नहीं हैं। ऐसे में सस्पेंशन करने का प्रस्ताव बनाकर आयुक्त को भेजा गया है।

### सारंगपुर के अधिवक्ता नहीं लड़ेंगे केस

उल्लेखनीय है कि उक्त घिनौनी वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी शिक्षक का न्यायालय में किसी भी अधिवक्ता द्वारा केस नहीं लड़ा जाएगा। सारंगपुर बार एसोसिएशन ने विगत दिवस यह निर्णय लिया है। उधर, स्थानीय लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि आरोपी को फांसी से कम सजा नहीं मिलनी चाहिए।

# ठेकेदार की मनमानी हाट बाजार के दिन गिरते पानी में सीसी सड़क निर्माण कार्य जारी



**जीरापुर।** स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और ठेकेदार की मनमानी के चलते हाट बाजार के दिन गिरते पानी में निर्माण कार्य जारी। नगर में छापीहेड़ा रोड़ नहर पुलिया से नाके पर एवं खिलचीपुर नाका तक सीसी सड़क निर्माण का कार्य जारी है ,जो बारिश के कारण सड़क पर किचड़ और ट्राफिक आवागमन,बाधित हो रहा है। जिससे न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा, बल्कि राकेश गुप्ता दुकानदार ने बताया कि और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का मानना है कि इस तरह के निर्माण कार्य वर्षा ऋतु में नहीं किए जाने चाहिए, क्योंकि इससे निर्माण सामग्री सही ढंग से नहीं जम पाती और सड़क जल्दी टूटने लगती है। बावजूद इसके, ठेकेदार द्वारा जल्दबाजी में काम कराना यह दर्शाता है कि नियमों और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है।


सांवरिया सेठ के दर्शन कर विदिशा लौट रहा था परिवार

# हाईवे पर हुए गड्ढों से असंतुलित होकर खाई में पलटी कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

राजस्थान के सांवरिया सेठ मंदिर से दर्शनों उपरान्त विदिशा लौट रहे एक परिवार की कार एनएच-52 पर हुए गड्डों से असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। ईश्वरीय कृपा से कार में बैठे लोगों को मामूली चोंटे आई हैं।

जानकारी के अनुसार यह हादसा मंगलवार रात्रि एनएच-52 पर जालपा माता मंदिर के आगे देवगढ़ गांव के समीप हुआ। हाईवे पर हुए एक बड़े गड्डे में भरे पानी के कारण कार चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार पलटी मारते हुए 10 फीट दूर खाई में जा गिरी। दुर्घटना में बाद कार में सवार लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। कार में गोविंद सिंह, उनकी पत्नी अदिति, भाई



शिवम, मां नीलमदेवी और बेटी शोभांजली सवार थे। पांचों को मामूली चोंटे आई हैं वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार चला रहे गोविंद सिंह ने बताया कि रात्रि में हाईवे के गड्डे में भरे पानी के चलते गड्डा नजर नहीं आया और यह हादसा हो गया।

### अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है हाईवे

ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक का हाईवे अनेक जगहों पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। दर्जनों स्थानों बड़े-बड़े गड्डे हो चुके हैं। बीते पांच दिनों से अनवरत हो रही बारिश ने हालात और भी बदतर कर दिए हैं जिसके चलते इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि टोल वसूल कर रही कंपनी को हाईवे की मरम्मत करवाना चाहिए।

---

पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# नवांकुर सखियों ने निकाली हरियाली यात्रा, पौधे रोपे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत सारंगपुर सेक्टर के ग्राम एहसानपुरा में नवांकुर सखी योजना के तहत हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एहसानपुरा की नवांकुर सखियों को बीज रोपण थैलियां वितरित कर की गई, जिसमें पौधे लगाकर उनकी देखरेख करेंगी। पर्यावरण बचाओ, जीवन बचाओ, जैसे नारे लगाते हुए ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यात्रा के समापन पर सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता और इस जन भागीदारी अभियान की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# नशे से दूरी है जरूर, अभियान का संकल्प के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पुलिस विभाग द्वारा बीते एक पखवाड़े से चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का बुधवार को समापन हुआ। स्थानीय राजेश्वर कान्वेंट स्कूल में आयोजित समापन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए किसी भी तरह का नशा न करने का संकल्प दिलवाया गया।



इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने अपने संबोधन में नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक जीवन को बर्बाद कर देता है। उन्होंने कहा कि नशा धीरे-धीरे व्यक्ति को अंदर से खोखला कर देता है। ऐसे में बचपन से ही बच्चों को इससे दूर रखने के लिए उनके व्यवहार और संगति पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुख्य अतिथि कलेक्टर गिरीश मिश्रा' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नशा समाज को खोखला कर देता है और यह सामाजिक प्रगति में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस बुराई के खिलाफ जागरुक रहें। यदि किसी को नशे से संबंधित गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

---

# कवयित्री साक्षी जैन विश्व भूषण सम्मान से होंगी सम्मानित

**कालापीपल।** कालापीपल नगर की कवयित्री साक्षी जैन का लखनऊ में विश्व भूषण सम्मान 2025 के लिए चयन हुआ है। इस सम्मान का आयोजन निहारिका साहित्य कंट्री ऑफ़ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ संस्था के तीसरे वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में 11 अगस्त को किया जाएगा। संस्था की संस्थापिका डॉक्टर रीमा सिंन्हा व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अब्दुल अज़ीज़ सिद्दीकी ने बताया यह संस्थान निरंतर उन कवियों को आगे बढ़ाने का कार्य करती है जो साहित्य के क्षेत्र में अपनी रुचि रखते हैं। यह संस्था सभी कार्यक्रम निःशुल्क करवाती है जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से अलग-अलग कवियों को बुलाकर उनका काव्य पाठ कराकर उनको सम्मानित करती है व आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। यह सम्मान समारोह उत्तरप्रदेश के मुंशी प्रेमचंद हिंदी संस्थान हजरतगंज लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। साक्षी जैन ने बताया कि वह रोजाना एक कविता लिखती है और साहित्य में रुचि होने के कारण साहित्य से निरंतर जुड़ी रहती है। पूर्व में भी साक्षी जैन को भारत रत्न अटल सम्मान के साथ ही कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। इस वर्ष ही साक्षी जैन को हिंदी साहित्य अकादमी भारत सरकार के सौरभ सुमन जैन व कवयित्री अनामिका जैन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है, जहा वे जल्द ही बड़े मंच पर अपना काव्य पाठ करेगी।

गिरती छत, जर्जर भवन कभी भी हो सकता है हादसा

# भगवान भरोसे चल रहा स्कूल



**सारंगपुर।** सारंगपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत आसारेटा परमार के ग्राम आसारेटा रावत के प्राथमिक विद्यालय भवन एवं छात्र छात्राओं का भगवान ही मालिक हैं,भगवान भरोसे स्कूल भवन खड़ा है,और भगवान भरोसे ही बच्चे स्कूल में जाते हैं,ऐसा क्योंकि उक्त स्कूल की छत से रोजाना प्लास्टर टपक रहा है,छत के सरिए दिख रहे हैं स्कूल के टीचर ने साइड के एक कमरे में सुरक्षित क्लास लगाने की कोशिश की और क्लास लग भी रही हैं,लेकिन उस क्लास में जाने का रास्ता इसी छत के नीचे से गुजरता हैं,भगवान न करे कि नन्हे बच्चों पर कोई संकट खड़ा हो जाएं,उक्त स्कूल भवन में आंगनबाड़ी केंद्र भी संचालित हैं,आंगनबाड़ी एवं स्कूल जाने के लिए स्कूल परिसर के बाहर एक रास्ता था जो अब गांव वालों ने गाड़ी रखकर बंद कर दिया है।

### अजब है पर गजब है

सारंगपुर विकास खंड के कई स्कूल ऐसे हैं जिन्हें अतिथि शिक्षक खोल रहे हैं वह शासकीय शिक्षक का अभाव है लेकिन आसरेटा रावत ऐसा स्कूल है जो कभी धराशायी हो सकता हैं,उस स्कूल में डर के मारे कोई छात्र छात्राएं जाना नहीं चाहते,क्योंकि स्कूल मैदान में भी टीचर एवं बरसाती पानी भरा रहता हैं,उस स्कूल में वर्तमान में 6 बच्चे का नाम लिखा हुआ हैं और 6 बच्चों पर दो शासकीय शिक्षक तैनात हैं,क्या शिक्षा विभाग इस खबर को संज्ञान में लेगा।

# 108 एंबुलेंस की तरह जिले को मिले 2 शव वाहन

**राजगढ़।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा विगत दिनों प्रदेश के समस्त जिलों के लिए दो-दो शव वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। इसी कड़ी में राजगढ़ जिला चिकित्सालय को भी 2 शव वाहन प्राप्त हुए हैं जो 108 एम्बुलेंस की तरह निःशुल्क रूप से सेवा प्रदान करेंगे। सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने बताया कि दोनों वाहन जिला अस्पताल में ही रहेंगे एवं अस्पताल में भर्ती किसी मरीज की मृत्यु होने पर शव को निःशुल्क रूप से उसके घर तक पहुंचाने का काम शव वाहन से कराया जाएगा। यद्यपि, शव वाहन की यह सेवा सिर्फ जिले ही जिले में शव को पहुंचाने के लिए है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका के पास भी पूर्व से एक शव वाहन उपलब्ध है जो रेडक्रॉस मद से उपलब्ध करवाया गया है।

5 स्कूलों के लिए मिली 3.61 करोड़ की सौगात

# मंत्री पंवार के प्रयासों से ब्यावरा विधानसभा के शैक्षणिक विकास को मिली नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

विधानसभा क्षेत्र के शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पंवार के निरंतर प्रयासों से पांच शासकीय विद्यालयों को लगभग 3 करोड़ 61 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। इस स्वीकृत बजट से गवर्मेंट हाइयर सेकेंडरी स्कूल मलावर, और ग्राम जड़कड़ियाखेड़ी, सेमलापार ,नापानेरा ,बैरसिया के गवर्मेंट हाई स्कूल में 15 अतिरिक्त कक्ष और 6 प्रयोगशालाओं (लैब्स) का निर्माण किया जाएगा, जिससे छात्रों को



बेहतर शिक्षा वातावरण एवं प्रयोगात्मक अधिगम का अवसर मिलेगा। मंत्री पंवार ने जानकारी देते हुए कहा कि यह राशि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है।